**FORM-B**

PUBLIC ANNOUNCEMENT

(Regulation 12 of the Insolvency and Bankruptcy Board of India (Liquidation Process) Regulations, 2016)

FOR THE ATTENTION OF THE STAKEHOLDERS OF

**Metro Jet Airways Training Private Limited**

| Sl.No. | PARTICULARS | DETAILS |
|---|---|---|
| 1. | Name of corporate debtor | Metro Jet Airways Training Private Limited |
| 2. | Date of incorporation of corporate debtor | 04/08/2006 |
| 3. | Authorityunderwhichcorporatedebtorisincorporated/ registered | Registrar of Companies (ROC), Jaipur. |
| 4. | Corporate Identity No. / Limited Liability Identification No.ofcorporate debtor | U80302RJ2006PTC022906 |
| 5. | Address of the registered office and principal office (if any) ofcorporatedebtor | 102-103, Gopalpura Bypass, Near Trivani Nagar Chouraha, Jaipur, Rajasthan- 302018 |
| 6. | Date of closure of Insolvency Resolution Process | 27/09/2022 |
| 7. | Liquidation commencement date of corporate debtor | 15.01.2024 |
| 8. | Name and registration number of the insolvency professionalactingas liquidator | Bhim Sain Goyal,<br><br>IBBI/IPA-002/IP-N00726/2018-2019/12216 |
| 9. | Address and e-mail of the liquidator, as registered with the Board | 109-B, Pocket-F, Mayur Vihar-II, Delhi - 110091<br><br>bsgoyal1@gmail.com |
| 10. | Address and e-mail to be used for correspondence with the liquidator | M-215, Rear Ground Floor, Greater Kailash-II, New Delhi-110048<br><br>cirpmetrojet@gmail.com |
| 11. | Last date for submission of claims | 14.02.2024 |

Notice is hereby given that the National Company Law Tribunal, Jaipur Bench has ordered the commencement of liquidation of the Metro Jet Airways Training Private Limited on **15.01.2024.**

The stakeholders of Metro Jet Airways Training Private Limited are hereby called upon to submit their claims with proof on or before 14.02.2024, to the liquidator at the address mentioned against item No.10.

The financial creditors shall submit their claims with proof by electronic means only. All other creditors may submit the claims with the proof in person, by post or by electronic means. The

proof of claims is to be submitted by way of the following specified forms along with documentary proof in support of their claims.

Form C- for Proof of claim by Operational Creditors (except Workmen and employees),
Form D- for Proof of Claim by Financial Creditors,
Form E- for Proof ofClaim by a Workman and Employee,
Form F- for Proof ofClaim by Authorized Representative of workmen or employees,
Form-G-for Proof ofClaim by any other Stakeholder.

In order to get the copy of form, you may download the abovementioned forms from the website www.ibbi.gov.in as prescribed under Insolvency and Bankruptcy Board of India (Liquidation Process) Regulation, 2016.

Submission of false or misleading proof of claims shall attract penalties.All claimants are advised to invariably mention their PAN, email id and phone number in the claim forms.

Date: 17.01.2024
Place: New Delhi

(Bhim Sain Goyal)
Liquidator
Regn. No. IBBI/IPA002/IPN000726/2018-19/12216

# भोपालगढ़ विधायक गीता बरबड़ को G -22 समरसता अवार्ड



**जयपुर ब्यूरो न्यूज**

जयपुर, 17 जनवरी (नरेंद्र पांडे)। अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच का G-22 सांस्कृतिक समन्वय सम्मेलन भारत की शक्ति, भारत की प्रतिष्ठा,भारत के पञ्चशील सिद्धान्त,भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् में स्थायी सदस्यता मिले भारत समृद्ध राष्ट्र बने आदि का संदेश विश्व में पहुंचाने के लिए के लिए नेपाल की राजधानी काठमांडू में आयोजित किया गया। सांस्कृतिक समन्वय सम्मेलन को विश्व के बाइस देशों का नैतिक समर्थन प्राप्त है। सांस्कृतिक समन्वय सम्मेलन में भारत की ओर से 150 सदस्यों के प्रतिनिधि मंडल ने भाग लिया। सम्मेलन में नेपाल सरकार की नामचीन हस्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कर सम्मेलन को मजबूती प्रदान की इस सांस्कृतिक समन्वय सम्मेलन के प्रतिनिधि मंडल में भोपालगढ़ विधायक गीता बरबड़ के प्रतिनिधि कालूराम सोनेल ने नेपाल में मारवाड़ियो से मुलाकात कर भारत नेपाल के ठ्ठसंबंधों को और अधिक मजबूत करने पर बल दिया एव आपसी सहयोगात्मक रवैया अपना कर मजबूत होने पर बल दिया।

विधायक गीता बरबड़ के काठमांडू नेपाल में आयोजित सांस्कृतिक सम्मेलन में उपस्थित नहीं हो पाने के कारण वह अपना अवार्ड प्राप्त नहीं कर पाई थी इसलिए उनको मिलने वाला समरसता/आदर्श प्रतिभा अवार्ड अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच के संयोजक महावीर प्रसाद टोरडी की उपस्थिति में अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच सलाहकार बोर्ड के सदस्य इंजि नरेन्द्र कुमार पांडे एडवोकेट एव मंच के सांस्कृतिक सचिव लालबहादुर ने नेपाली टोपी पहनाकर, स्वर्ण पदक प्रदान कर, शाल ओढ़ाकर, आदर्श प्रतिभा का बैज व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

## श्री गोपाल कृष्ण व्यास ने किए खाटूश्यामजी के दर्शन

जयपुर, 17 जनवरी (का.सं.)। राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष जस्टिस श्री गोपाल कृष्ण व्यास ने बुधवार को खाटूश्यामजी मंदिर जाकर दर्शन करने के बाद मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। जस्टिस व्यास ने मंदिरों में सफाई हेतु भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किये गए आह्वान पर अपनी पत्नी तनुजा व्यास, रजिस्ट्रार शेलेन्द्र व्यास,जगमोहन शर्मा के साथ मंदिर प्रांगण में झाड़ू लगाकर सफाई की ओर कहा कि श्रीराम हमारी आस्था के प्रतीक है। सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय की पालना में भव्य मंदिर का निर्माण किया जा रहा है इसलिए देशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं। श्री व्यास के साथ आयोग के रजिस्ट्रार श्री शेलेन्द्र व्यास, पूर्व न्यायिक अधिकारी श्री जगमोहन तथा परिजनो ने बाबा के दर्शन किये। श्री व्यास ने खाटूश्यामजी पुलिस थाना का भी निरीक्षण किया।

## नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री श्री झाबर सिंह खर्रा का किया स्वागत

जयपुर, 17 जनवरी (का.सं.)। नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग मंत्री श्री झाबर सिंह खर्रा का बुधवार को बूंदी बाईपास पर टनल के समीप बूंदी विधायक श्री अशोक डोगरा सहित जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने स्वागत किया। इस दौरान नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री ने कहा कि विभाग से संबंधित किसी भी प्रकार की अनियमितता की जानकारी प्राप्त होने पर नियमानुसार जांच करवाकर संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि आमजन के हित जुडा कोई भी कार्य किसी भी स्तर पर अटका हुआ है, तो उसको शीघ्र करवाया जाएगा। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक मौजूद थे।



## अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के खिलाफ कार्यवाही जारी - संयुक्त जांच दल की टीमों ने अलग-अलग स्थानों पर की छापेमारी

जयपुर, 17 जनवरी (का.सं.)। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों की अनुपालना में जयपुर जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के खिलाफ कार्यवाही लगातार जारी है। अभियान के तीसरे दिन खनन, राजस्व, पुलिस, वन, परिवहन एवं जयपुर विकास प्राधिकरण ने प्रभावी कार्यवाही को अंजाम देते कई स्थानों पर छापेमार कार्यवाही को अंजाम दिया है। जिला स्तरीय टास्क फोर्स कमेटी के सदस्य सचिव श्रीकृष्ण शर्मा ने बताया कि संयुक्त जांच दल ने फुलेरा के महेशवास पहाड़ी पर राजकीय भूमि पर हो रहे मेसेनरी स्टोर के अवैध खनन के खिलाफ कार्यवाही की। टीम ने यहां अवैध खनन में लिप्त 5 ट्रैक्टर ट्रॉलियां, एक मोटरसाइकल, खनन औजार एवं विस्फोटक भी जब्त किया। इसके बाद टीम ने जोबनेर पुलिस को वाहन एवं सामग्री सुपुर्द की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अलग-अलग धाराओं में परिवाद दर्ज किये हैं। उन्होंने बताया कि बजरी से लदे 6 वाहनों के खिलाफ रवन्नाओं से अधिक वजन पाये जाने पर कार्यवाही की गई। वहीं, दौलतपुरा में साधारण मिट्टी का अवैध परिवहन करते एक ट्रैक्टर ट्रॉली एवं नरेना में मेसेनरी पत्थर से भरी एक ट्रैक्टर ट्रॉली को संबंधित थाना पुलिस के सुपुर्द किया गया है। उन्होंने बताया कि आमजन जिला कलेक्ट्रेट स्थित कंट्रोल रूम के फोन नंबर 0141-2204475 एवं 0141-2204476 पर अवैध खनन की शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। 31 जनवरी तक जारी रहने वाले इस अभियान के तहत कलक्टर श्री प्रकाश राजपुरोहित ने अवैध खनन की ड्रोन विडियो ग्राफी कराने के निर्देश दिये हैं। राजकीय भूमि में अवैध खनन पाया जाने पर अवैध खननकर्ताओं के विरुद्ध तीन पीडीपीपी एक्ट में मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। अवैध खनन में लिप्त पाये जाने वाले वाहनों के चालकों का लाइसेंस तथा वाहनों का रजिस्ट्रेशन भी निरस्त करने की कार्यवाही की जाएगी।

## कार्य पारदर्शिता एवं गुणवत्ता पूर्ण हों, आबादी के अनुपात में हों बजट व संसाधन -यूडीएच मंत्री

जयपुर, 17 जनवरी (का.सं.)। नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री झाबर सिंह खर्रा की अध्यक्षता में बुधवार को कोटा जिला परिषद सभागार में विभागीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मंत्री ने निर्देश दिए कि नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग से संबद्ध विभागों में सभी कार्य पारदर्शिता एवं गुणवत्ता पूर्ण हों। जनप्रतिनिधियों के साथ अधिकारी समन्वय बनाकर कार्य करें। आमजन की सुविधा से जुड़े कार्यों में कोई भेदभाव ना हो, मतदाताओं एवं आबादी के अनुपात में बजट एवं संसाधनों का आवंटन किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि विकास या जन सुविधाओं से जुड़े कार्य में भेदभाव की शिकायत मिली तो उचित नहीं होगा।कार्यालय में कोई भी फरियादी आए तो उसकी धैर्यपूर्वक सुनवाई हो और संतोषप्रद जवाब दिया जाए। नियमानुसार काम कितने समय में हो सकता है, यह भी बता दिया जाए। निर्देश दिए की जन उपयोगी सेवाएं 31 जनवरी तक आवश्यक रूप से ऑनलाइन मोड पर हो जाएं ।पोर्टल में यदि कोई व्यवधान आए तो 24 घंटे में दुरुस्त करना सुनिश्चित किया जाए।

मंत्री ने निर्देश दिए कि एक सप्ताह में आवारा पशुओं के लिए समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं, वे सड़क पर नजर नहीं आने चाहिए। उन्होंने कहा कि जिले में स्वच्छता पर विशेष फोकस किया जाए ताकि रैंकिंग में जिला अव्वल रहे। इसके लिए सफाई की नियमित मॉनिटरिंग हो और कार्मिकों की जिम्मेदारी तय की जाए।

नगरीय विकास मंत्री ने निर्देश दिए कि शहर के बीच बड़े नालों के आसपास व्यर्थ पड़ी भूमि पर फेंसिंग करके इसमें हरियाली, वाकिंग ट्रेक इत्यादि विकसित किए जाएं ताकि इनका सदुपयोग हो सके। इससे यह अतिक्रमण से बचेंगे और शहरवासियों को सुकून मिल सके।अतिक्रमण हटाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि नगरीय निकाय अपने-अपने परिक्षेत्र में सफाई, रोशनी, नाली एवं जन सुविधाओं की प्रकृति के कार्य के प्रति गंभीर रहें और समान व्यवहार के साथ आमजन को राहत दें।

उन्होंने नगर विकास न्यास एवं नगरीय विकास से जुड़े विभागों में विकास कार्य एवं विभिन्न योजनाओं में प्रगति की जानकारी ली। आय में वृद्धि के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने रिवर फ्रंट घंटी के बारे में वस्तु स्थिति, चम्बल में क्रूज चलाने की योजना, अमृत योजना, प्रतिनियुक्ति, संविदा एवं रिटायर्मेंट के बाद प्रमुख पदों पर लगे कार्मिकों,लम्बित प्रकरणों की जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

## जाट समाज ने मनाई किसान केसरी मिर्धा की जयंती: बोले; समाज विकास के लिए जरूरी है कि बेटों के साथ बेटियों को भी करें उच्च शिक्षित

पाली, 17 जनवरी (का.सं.)। श्री वीर तेजा विकास समिति के तत्वावधान में किसान केसरी बलदेवराम मिर्धा की 135वीं जयंती बुधवार को धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पाली शहर के 72 फ़ीट बालाजी मंदिर के सामने जाट समाज प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान 10वीं-12वीं में अच्छे अंक लाने वाले स्टूडेंट, खेलकूद प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले, समाजसेवी और हाल ही में सरकारी सेवा में चयनित समाज की 201 प्रतिभाओं को अतिथियों के हाथों प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित करवाया गया। कार्यक्रम में अतिथिक के रूप में महंत सूरजनदास, जाट महासभा अध्यक्ष राजाराम मील, राजूराम चौधरी राज इंजिनियरिंग ग्रुप, डॉ संजय चौधरी प्रोफेसर बांगड़ मेडिकल कॉलेज पाली, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ महेन्द्र चौधरी, डॉ अनिल प्रोफेसर मेडिकल कॉलेज, धीरजसिंह चौधरी प्रधान वैज्ञानिक व विभागध्यक्ष काजरी जोधपुर, पुलिस उप अधीक्षक पाली ग्रामीण राजूराम चौधरी, चेनाराम इनानिया, राधाकिशन सारण अधिशाषी अभियंता, सुनील चौधरी पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष जेएनवीयु जोधपुर, किशोर चौधरी ब्लॉक अध्यक्ष जैतारण, ओमा चौधरी पार्षद, बबिता चौधरी सादड़ी, राजेंद्र लहर चंडावल मौजूद रहे।

समिति के अध्यक्ष अमराराम बेनीवाल ने बताया की समारोह में जाट महासभा के अध्यक्ष राजाराम मील ने कहा कि समाज को एकजुट होकर एक मंच पर आने के साथ ही शिक्षा का महत्व समझते हुए बेटों के साथ बेटियों को भी उच्च शिक्षा दिलानी होगी। महंत सुरजनदास ने युवाओं को नशे से दूर रहने की सीख दी। प्रधान वैज्ञानिक व विभागध्यक्ष काजरी ने धीरजसिंह चौधरी ने कहा की बलदेवराम मिर्धा ने समाज के साथ पूरे किसान वर्ग को शिक्षा को लेकर जागृत किया और हमें उनके आदर्शों पर चलकर शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ना होगा। मेडिकल कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ महेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि वर्तमान समय शिक्षा का है। इसलिए हमें बेटों के साथ बेटियों को भी उच्च शिक्षित करना होगा। जिससे की वे अच्छी उपलब्धियां हासिल कर परिवार और समाज का नाम रोशन कर सके। समारोह में समिति के अध्यक्ष अमराराम बेनीवाल, सुनील चौधरी पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष जेएनवीयू, किशोर चौधरी ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस जैतारण, राजेंद्र लहर, रतनाराम बाना, यशपाल सिंह बढ़ियासर, शिवराम जाट ने भी संबोधित किया।

ये भी रहे मौजूद: शिवराम जाटा, कालूराम कालीराणा, हरिराम कलिया, भंवरलाल खर्रा, विशनाराम गोदारा, प्रधान कालीराना, राजेन्द्र किसान, राजेंद्र जांगू, श्याम चौधरी, भंवरलाल जलवाणीया, महेंद्र मेंदा मंडिया, मदनलाल जांचर, विशनाराम कागट, देवाराम गोदारा, प्रधान सोउ, लक्ष्मण गोदारा, हनुमान सारण, बाबूलाल कालीराना, दयाल सेवदा, रणवीर सारण, संजीव रेवाड़, रामनिवास जाट, भागीरथ कालीराना, विकास रोज सहित बड़ी संख्या में जाट समाज के लोग मौजूद रहे।

मिर्धा की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण: इससे पहले सुबह जिला कलेक्टर के मकान के बाहर बने गार्डन में लगी किसान केसरी बलदेवराम मिर्धा की प्रतिमा पर सभी ने माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। इस दौरान संगोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें मिर्धा की जीवनी और उनके योगदान पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान सभापति रेखा राकेश भाटी, समिति अध्यक्ष अमराराम बेनीवाल,पुखराज पटेल, महावीर सिंह सुकरलाई,उप सभापति ललित प्रीतमानी, भंवर चौधरी, आनंद सोलंकी, अमराराम पटेल, समाजसेवी भंवर चौधरी सहित कई जने मौजूद रहे।

## पाली में लेपर्ड ने किया 4 बकरियों का शिकार: 1 को घसीटकर साथ ले गया; चरवाहे ने देखा तो जमींन पर खून बिखरा था

पाली, 17 जनवरी (का.सं.)। पाली जिले के निकट सेंदड़ा क्षेत्र में मंगलवार रात को एक बाड़े में बंधी 4 बकरियों पर लेपर्ड ने हमला कर दिया। लेपर्ड ने 3 बकरियों को मार दिया और एक को घसीट कर अपने साथ ले गया। जिसके अवशेष बुधवार को घर से करीब आधा किलोमीटर दूर जंगल में मिले। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और मृतक बकरियों का पोस्टमार्टम किया। टीम को मौके पर लेपर्ड के पंजों के निशान भी मिले। वही पशुपालक ने मुआवजे की मांग की है। पाली जिले के सेंदड़ा क्षेत्र के धोलिया गांव के खराली का बाडिया में पशुपालक सोहन सिंह पुत्र कालू सिंह की बकरियां घर के पास ही बाड़े में बंधी हुई थी। देर रात को लेपर्ड बाड़े में घुसा और 4 बकरियों को मार दिया और एक बकरी को अपने साथ ले गया। बुधवार सुबह दूध के लिए पशुपालक बाड़े में गया तो बकरियां मरी हुई मिली। मौके पर खून बिखरा मिला। सूचना पर वन विभाग के वनरक्षक रामदेव चौधरी, वनरक्षक करण सिंह भाटी, वन मित्र छोग सिंह एवं पशु चिकित्सा डॉ.अजय कुमार पारिक, सेदंडा पटवारी अक्षयकुमार एवं पुलिसकर्मी ने मौके पर पहुंचे। जिन्हें मौके पर लेपर्ड के पग मार्क भी मिले हैं। पशु चिकित्सक ने तीन बकरियों का पोस्टमार्टम कर रिपोर्ट आगे भेजी है। घटना की जानकारी मिलते ही सरपंच रतन सिंह भाटी ने भी मौके पर पहुंचकर परिवार को सांत्वना दी और सरकार से मुआवजा दिलाने की आश्वासन दिया।

**जल्द उपलब्ध करवाएंगे गाड़ी**

मामले में DFO डॉ बाला मुरुगन का कहना है कि पाली जिले में गाड़ियों की संख्या कम है। सुमेरपुर एवं बाली में पैंथर मूवमेंट ज्यादा होने के कारण गाड़ी फिलहाल यहां पर गश्त के लिए लगाई गई है। जिले में नई गाड़ियां मिली है। जल्द सेदंडा रेंज को नई गाड़ी उपलब्ध कराई जाएगी।

**अधिकारियों के पास जीप तक नहीं**

दरअसल सेंदड़ा के ब्यावर जिले में शामिल होने के बाद उन्हें गश्त के लिए जीप तक नहीं उलपब्ध करवाई गई। जीप नहीं होने के कारण उन्हें मौके पर पहुंचने और गश्त करने में दिक्कत होती है। जबकि सेदंडा रेंज नागौर, पाली, राजसमंद एवं ब्यावर जिले की सीमाओं तक फैला हुआ है।

# 12 हजार 400 करोड़ रुपये के 4 समझौते किए तेलंगाना सरकार ने अदाणी के साथ

**जयपुर ब्यूरो न्यूज**

दावोस, 17 जनवरी (का.सं.)। अदाणी समूह और तेलंगाना सरकार ने आज वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम 2024 में 12,400 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के लिए चार समझौतों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौते तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और अदाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी की उपस्थिति में हुए।



यह समझौते तेलंगाना के ग्रीन, सस्टेनेबल, समावेशी और परिवर्तनकारी आर्थिक विकास के लिए नींव रखने में मदद करेंगे। अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) ने आने वाले 5-7 वर्षों में 100 मेगावाट के डेटा सेंटर में 5,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करने की घोषणा की है, जो रिन्यूएबल एनर्जी द्वारा संचालित होगा। एईएल, इस प्रोजेक्ट के लिए विश्व स्तर पर एक सक्षम सप्लायर बेस विकसित करने के लिए स्थानीय एमएसएमई और स्टार्टअप्स के साथ मिलकर काम करेगा। इससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 600 लोगों को रोजगार मिलेगा।

अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) कोयाबेस्टागुडेम में 850 मेगावाट और नचराम में 500 मेगावाट के दो पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट (पीएसपी) स्थापित करने के लिए 5,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करेगा।

अंबुजा सीमेंट अगले पांच वर्षों में 1,400 करोड़ रुपये का निवेश कर, 6 एमटीपीए सीमेंट प्लांट स्थापित करेगी। यह यूनिट 70 एकड़ में स्थापित की जाएगी, जिससे अंबुजा की क्षमता में काफी वृद्धि होगी। इसमें प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों तरह से 4,000 से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा। अदाणी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, अदाणी एयरोस्पेस पार्क में काउंटर-ड्रोन और मिसाइल प्रणालियों के रिसर्च, डेवलपमेंट, डिजाइन, मैन्युफेक्चरिंग और एकीकरण के लिए व्यापक इकोसिस्टम स्थापित करने के उद्देश्य से 10 वर्षों में 1,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करेगा। इन प्रोजेक्ट्स के जरिए तैयार होने वाला विकसित इकोसिस्टम भारत की रक्षा क्षमता को काफी बढ़ाएगा और 1,000 से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान करेगा।

**अदाणी पोर्टफोलियो के बारे में जानकारी**

अहमदाबाद में मुख्यालय वाला, अदाणी पोर्टफोलियो भारत में विविध व्यवसायों का सबसे बड़ा और सबसे तेजी से बढ़ने वाला पोर्टफोलियो है, जिसमें लॉजिस्टिक्स (बंदरगाह, हवाई अड्डे, लॉजिस्टिक्स, शिपिंग और रेल), संसाधन, बिजली उत्पादन और वितरण, नवीकरणीय ऊर्जा, गैस और बुनियादी ढांचे में रुचि है। अदाणी अपनी सफलता और नेतृत्व की स्थिति का श्रेय राष्ट्र निर्माण और अच्छाई के साथ विकास के अपने मूल दर्शन को देता है - जो सतत विकास के लिए एक मार्गदर्शक सिद्धांत है।

## जोधपुर प्रांत के 2.5 करोड़ लोगों तक पहुंचा अयोध्या राम मंदिर का न्योता

जोधपुर, 17 जनवरी (का.सं.)। अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर देशभर की जनता को न्योता दिया गया है। अयोध्या में पीले चावल की पूजा की गई और उन्हें देशभर में वितरित किया गया। इसके लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व विश्व हिंदू परिषद ने अक्षत अभियान चलाया। कार्यकर्ताओं की ओर से घर-घर पीले चावल बांटे गए और लोगों को समारोह का साक्षी बनने का निमंत्रण दिया गया।

इसके लिए जोधपुर प्रांत से भी कार्यकर्ता अयोध्या से अक्षत कलश लेकर आए थे। जोधपुर प्रांत के करीब ढाई करोड़ से ज्यादा लोगों को पीले चावल बांटे गए। विहिप के महेन्द्र सिंह राजपुरोहित ने बताया कि जोधपुर प्रांत में 1 से 15 जनवरी तक अक्षत वितरण अभियान चलाया। आरएसएस और विहिप कार्यकर्ताओं के साथ विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भी भागीदारी निभाई। अभियान के तहत आरएसएस की योजना के अनुसार आरएसएस व विहिप की अलग-अलग टोलियां बनाई गईं। इनमें कार्यकर्ता प्रांत के विभिन्न गांव-शहरों तक पहुंचे और घर-घर निमंत्रण दिया।

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर देशभर में उत्साह है। हर तरफ़ राममय वातावरण बना हुआ है। कार्यकर्ताओं ने घर-घर में भगवा पताका, प्रभु राम चित्र के साथ पीले चावल देकर प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या आने का आमंत्रण दिया है। - योगेन्द्रकुमार, प्रांत प्रचारक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, जोधपुर।

## छोटे भाई की मौत पर 1 घंटे बाद बड़े ने दम तोड़ा, हमेशा साथ रहते थे

पाली, 17 जनवरी (का.सं.)। छोटे भाई की मौत की खबर सुनकर सदमे से बड़े भाई ने भी दम तोड़ दिया। दोनों भाइयों की एक घंटे में मौत हुई। घरवालों के अनुसार दोनों भाइयों में अटूट प्रेम था। मामला पाली के रूपवास गांव का मंगलवार का है। परिचित एडवोकेट मनीष राजपुरोहित ने बताया कि मूलाराम घांची के परिवार में 4 बेटे संयुक्त परिवार में रहते हैं। सबसे बड़े बुधाराम (90) थे। इनसे छोटा मंगलाराम और तीसरे नंबर पर दुर्गाराम (85) और चौथे पर मांगीलाल घांची थे । चारों भाइयों के बीच वैसे तो अटूट प्रेम है, मगर बुधाराम और दुर्गाराम के बीच ज्यादा करीबी थी। दोनों साथ रहते थे और पूजा-पाठ भी साथ ही करते थे। कुछ दिनों से दुर्गाराम की तबीयत ठीक नहीं थी, उन्होंने मंगलवार सुबह 5 बजे अंतिम सांस ली। इसकी जानकारी लगते ही बड़े भाई बुधाराम की तबीयत बिगड़ी तो परिजन उसे पाली के अस्पताल ले गए। जहां मृत घोषित कर दिया। दोनों भाइयों की मौत में महज 1 घंटे का अंतराल रहा। दो भाइयों की एक साथ मौत से गांव स्तब्ध रह गया। एडवोकेट मनीष राजपुरोहित ने बताया कि दोनों भाइयों की अंतिम यात्रा में परिवार, समाज के साथ ही आस-पास के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। दोनों भाइयों में अटूट प्रेम देखकर हर किसी की आंखों में आंसू थे।

## जयपुर एवं जयपुर ग्रामीण जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं समाधान कार्यक्रम आज

जयपुर, 17 जनवरी (का.सं.)। जनभावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं एवं समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए 18 जनवरी 2024 (गुरुवार) को जयपुर एवं जयपुर ग्रामीण जिला की जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं समाधान कार्यक्रम आयोजित होगा। जिला कलक्ट्रेट सभागार में प्रात: 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होने वाले जनसुनवाई कार्यक्रम में जिले के जनप्रतिनिधि एवं जिला स्तरीय अधिकारी भाग लेंगे। जिला कलक्टर श्री प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम में वीडियों कान्फ्रेंस के माध्यम से मुख्य सचिव भी भाग लेंगे। जिले के सभी उपखण्ड अधिकारी सहित सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी भी वीडियों कान्फ्रेंस के माध्यम से जुड़ेगे। इस दौरान जिले के सभी विभागों के अधिकारी जनसुनवाई में भाग लेकर आमजन की समस्याओं का निस्तारण करेंगे।

## अनुजा निगम के ऋण हेतु 21 जनवरी तक किये जा सकेंगे आवेदन

जयपुर, 17 जनवरी (का.सं.)। राजस्थान अनुसूचित जाति जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम द्वारा संचालित विभिन्न राष्ट्रीय निगमों की ऋण योजनाओं के तहत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सफाईकर्मी, विशेष योग्यजन एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के पात्र एवं इच्छुक अभ्यर्थियों द्वारा ऋण आवेदन आमंत्रित किये गए थे। परियोजना प्रबंधक मनोज कुमार ने बताया कि निगम द्वारा ऑनलाइन ऋण आवेदन पत्र प्राप्त करने की तिथि 21 जनवरी 2024 तक बढ़ाई गई है। पात्र अभ्यर्थी अनुजा निगम के ऑनलाइन पोर्टल पर स्वयं की एसएसओ आईडी से अथवा ई-मित्र की सहायता से 21 जनवरी तक ऋण आवेदन कर सकते हैं।

**फार्म-बी**

सार्वजनिक सूचना

(भारतीय दिवाला और दिवालियापन बोर्ड (परिसमापन प्रक्रिया) विनियम, 2016 का विनियम12)

हितधारकों के ध्यानार्थ के लिए

**मेट्रो जेट एयरवेज ट्रेनिंग प्राइवेट लिमिटेड**

| क्र. नं. | ब्यौरा | विवरण |
|---|---|---|
| 1. | कॉर्पोरेट देनदार का नाम | मेट्रो जेटएयरवेज ट्रेनिंग प्राइवेट लिमिटेड |
| 2. | कॉर्पोरेट देनदार के निगमन की तिथि | 04/08/2006 |
| 3. | प्राधिकरण जिसके अंतर्गत कॉर्पोरेट देनदार निगमित/पंजीकृत है | कंपनी रजिस्ट्रार (आरओसी), जयपुर। |
| 4. | कॉर्पोरेट देनदार की कॉर्पोरेट पहचान संख्या/सीमित देयता पहचान संख्या | U80302RJ2006PTC022906 |
| 5. | कॉर्पोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय और प्रधान कार्यालय (यदि कोई हो) का पता | 102-103, गोपालपुरा बाईपास, त्रिवानी नगर चौराहा के पास, जयपुर, राजस्थान- 302018 |
| 6. | दिवाला समाधान प्रक्रिया बंद होने की तिथि | 27/09/2022 |
| 7. | कॉर्पोरेट देनदार की परिसमापन प्रारंभ तिथि | 15.01.2024 |
| 8. | परिसमापक के रूप में कार्य करने वाले दिवाला पेशेवर का नाम और पंजीकरण संख्या | भीम सैन गोयल, IBBI/IPA002/IPN000726/2018-19/12216 |
| 9. | परिसमापक का पता और ई-मेल, जैसा कि बोर्ड के पास पंजीकृत है | 109-बी, पॉकेट-एफ, मयूरविहार-II, दिल्ली - 110091 bsgoyavv@gmail.com |
| 10. | परिसमापक के साथ पत्राचार के लिए उपयोग किया जाने वाला पता और ई-मेल | एम-215, रियर ग्राउंड फ्लोर, ग्रेटर कैलाश-द्वितीय, नई दिल्ली-110048 circmetrojet@gmail.com |
| 11. | दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 14.02.2024 |

इसके द्वारा नोटिस दिया जाता है कि नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल, जयपुर बेंच ने **15.01.2024** को मेट्रो जेटएयरवेज ट्रेनिंग प्राइवेट लिमिटेड का परिसमापन शुरू करने का आदेश दिया है।

मेट्रो जेट एयरवेज ट्रेनिंग प्राइवेट लिमिटेड के हितधारकों को सबूत के साथ अपने दावे 14.02.2024 को या उससे पहले आइटम नंबर 10 के सामने उल्लेखित पते पर लिक्विडेटर को जमा करने के लिए कहा जाता है।

वित्तीय ऋणदाता अपने दावे प्रमाण के साथ केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्रस्तुत करेंगे। अन्य सभी लेनदार व्यक्तिगत रूप से, डाक द्वारा या इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से सबूत के साथ दावे प्रस्तुत कर सकते हैं। दावों का प्रमाण उनके दावों के समर्थन में दस्तावेजी प्रमाण के साथ निम्नलिखित निर्दिष्ट प्रपत्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया जाना है।

फॉर्म सी- परिचालन ऋणदाताओं (कर्मचारियों और कर्मचारियों को छोड़कर) द्वारा दावे के प्रमाण के लिए,
फॉर्म डी- वित्तीय ऋणदाताओं द्वारा दावे के प्रमाण के लिए,
फॉर्म ई- एक श्रमिक और कर्मचारी द्वारा दावे के प्रमाण के लिए,
फॉर्म एफ- श्रमिकों या कर्मचारियों के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा दावे के सबूत के लिए,
फॉर्म-जी- किसी अन्य हितधारक द्वारा दावे के सबूत के लिए।

फॉर्म की प्रति प्राप्त करने के लिए, आप भारतीय दिवाला और दिवालियापन बोर्ड (परिसमापन प्रक्रिया) विनियमन, 2016 के तहत निर्धारित वेबसाइट www.ibbi.gov.in से उपरोक्त फॉर्म डाउनलोड कर सकते हैं।

दावों के झूठे या भ्रामक प्रमाण प्रस्तुत करने पर जुर्माना लगाया जाएगा। सभी दावेदारों को दावा प्रपत्र में अपना पैन, ईमेल आईडी और फोन नंबर अनिवार्य रूप से उल्लेख करने की सलाह दी जाती है।

**एसडी/-**
**(शिम सैन गोयल)**
**परिसमापक**

**दिनांक: 17.01.2024**
**स्थान: नई दिल्ली**
**रजि. नंबर IBBI/IPA002/IPN000726/2018-19/12216**

स्वत्वाधिकारी स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक घनश्याम सिंह के लिए सोनू वेब ऑफसेट, नींदड़ मोड़ के सामने, हरमाड़ा-सीकर रोड, जयपुर से मुद्रित व कार्यालय 2566, कोहिनूर की गली, चौड़ा रास्ता, जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किये गये विचारों से सम्पादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है।
न्यायालय सम्बन्धी सभी मामले जयपुर में निपटाये जायेगें। प्रकाशक की लिखित अनुमति के बिना पूर्णतः व आंशिक व पूर्ण प्रकाशन पूर्णतः प्रतिबन्धित है। (सम्पादक-घनश्याम सिंह) मोबाईल नम्बर : 9829212917 ई-मेल: jaipurjb@gmail.com